उपस्थिति – श्री गौरी शंकर

न्यायालय–सिविल जज सिनियर डिवीजन प्रथम, डुमरॉव

स्वत्व वाद सं0 – 444/2025

बबन राय..........................वादी।

बनाम्

ललन राय ....प्रतिवादी।

आदेश

24.02.2026

वादी की हाजिरी है। पुकार पर वादी के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुये। वादी के तरफ से दाखिल आवेदन दिनांक 24.02.2026 अतंर्गत आदेश 22 नियम 04 दफा 151 सी0पी0सी0 को प्रचालित करते हुये वादी के विद्वान अधिवक्ता कथन करते है कि प्रतिवादी ललन राय की मृत्यु दिनांक 22.02.2026 को हो चुकी है। अनुरोध करते हैं कि न्यायहित में वादी का आवेदन स्वीकृत करते हुए मृत प्रतिवादी ललन राय का नाम कलमजद करने तथा उनके कानूनी वारीसान नरेन्द्र राय, तेजनारायण राय, ओम नारायण राय, रविशंकर राय, ऋषि राय, सुनीता राय, नमीता राय के नाम को प्रतिस्थापित करने तथा का आदेश दिया जाय।

सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया। अवलोकन से विदित होता है कि उक्त आवेदन शपथ पत्र से समर्थित है। समय सीमा के अंतर्गत है वाद अभी उपस्थिति पर चल रहा है। अतः वादी के तरफ से दाखिल आवेदन दिनांक 24.02.2026 अतंर्गत आदेश 22 नियम 04 दफा 151 सी0पी0सी0 को न्यायहित में स्वीकृत किया जाता है। मृत प्रतिवादी ललन राय का नाम कलमजद करने तथा इनके वारीसान नरेन्द्र राय, तेजनारायण राय, ओम नारायण राय, रविशंकर राय, ऋषि राय, सुनीता राय, नमीता राय का नाम प्रतिस्थापित करने का आदेश दिया जाता है। वादी नए प्रतिस्थापित प्रतिवादीगण के उपस्थिति हेतू अग्रिम कार्यवाही करें।

दिनांक– 10.03.2026 वास्ते उपस्थिति हेतू।

लेखापित

(गौरी शंकर)
सिविल जज सिनियर डिवीजन प्रथम,
डुमरॉव (बक्सर)